चेकलिस्ट एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज

पेंटर

सतह की जांच करना और पूरी तरह साफ करना: सतह की स्वच्छता जांचना और यह भी सुनिश्चित करना कि दीवार साफ हो और दीवार पर पुराना पेंट हटा दिया गया हो।



हाई–क्वालिटी की आपूर्ति और संसाधन: श्रेष्ठ माल का सुझाव देना क्योंकि घटिया पेंट का कवरेज कम होगा और आपका ग्राहक आगे से खरीदारी नहीं करेगा।



फर्नीचर और फ्लोरिंग कवर करना: आपको फर्नीचर और फ्लोर को हमेशा ढंक कर रखना चाहिए जिससे कि पेंट की बूंदें या छींटें न पड़ें।

टिंटेड पेंट का इस्तेमाल करें: व्हाइट प्राइमर के बजाय, आपको टिंटेड प्राइमर का इस्तेमाल करना चाहिए जो मौजूदा या पुराने पेंट को बेहतर तौर पर ढकेगा।

कैनवास ड्रॉप क्लॉथ्स का इस्तेमाल: छलकने या गिरने से बचाने के लिए कैनवास ड्रॉप क्लॉथ्स का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक के विपरीत ये फिसलते नहीं हैं। ये आसानी से बूंदों या छींटों को सोख लेते हैं, इसलिए फर्श पर पेंट गिरने पर आपको चिंता करने की जरूरत नहीं रहती।

आगे बढ़ने से पहले एक दीवार फिनिश करें: दीवारों को पेंट करते समय जल्दबाजी न करें, पहले एक दीवार पर कार्य पूरा होने के बाद ही अगला कार्य शुरू करें।

वॉश रोलर: चाहे आप सस्ते या महंगे रोलर इस्तेमाल करें, लेकिन यह सुनिश्चित कर लें कि आपको इस्तेमाल से पहले इन्हें धोना होगा जिससे कि दीवार पर फाइबर न चिपक जाए।

पेंट ऊपर से नीचे की ओर करें: आपको पेंट हमेशा ऊपर से नीचे की ओर करना चाहिए, क्योंकि आसान होता है।

अपने रोलर लपेट कर रखें: आखिर में, जब आप पेंट कार्य पूरा कर लेते हैं, अपने रोलर को लपेटें और ब्रश को बंद प्लास्टिक बैग में रखें।